## » संक्षिप्त समाचार




## निर्देशः मुख्य सचिव ने आरएसएमएमएल की प्रगति की समीक्षा की

- विकास को गति देने के लिए निर्देश

सीमा सन्देश संवाददाता

**उदयपुर।** मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवासन ने उदयपुर प्रवास के दौरान राजस्थान स्टेट माइंस एंड मिनरल्स लिमिटेड (आरएसएमएमएल) की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने निगम के अब तक के प्रदर्शन पर संतोष व्यक्त करते हुए विकास को और गति देने के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में मुख्य सचिव ने रेयर अर्थ खनिजों के खनन की संभावनाओं का आकलन करने तथा अन्य खनिज क्षेत्रों में विस्तार के नए अवसर तलाशने पर विशेष बल दिया। उन्होंने अधिकारियों को परिचालन दक्षता एवं वित्तीय प्रदर्शन में सुधार के उद्देश्य से चालू वित्तीय वर्ष की शेष अवधि के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि आरएसएमएमएल ने वित्त वर्ष 2025-26 में लगभग ?1,922 करोड़ का कारोबार दर्ज किया तथा 70.64 लाख टन खनिजों की बिक्री की। इसमें 41.95 लाख टन चूना पत्थर, 17.65 लाख टन रॉक फॉस्फेट, 9.24 लाख टन लिग्नाइट तथा 1.80 लाख टन जिप्सम की बिक्री शामिल रही। निगम ने चालू वित्त वर्ष में उत्पादन एवं बिक्री में और अधिक वृद्धि का लक्ष्य निर्धारित किया है। मुख्य सचिव ने इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए नवाचार, संसाधनों के प्रभावी उपयोग तथा नई संभावनाओं के दोहन पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक में प्रबंध निदेशक, कार्यकारी निदेशक, वित्तीय सलाहकार, समूह महाप्रबंधक, महा प्रबंधक, कंपनी सचिव एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे ।



## वार्ड 39 में श्याम मंदिर के पास क्षतिग्रस्त क्रॉस बना परेशानी का कारण

सीमा सन्देश संवाददाता

**चिड़ावा।** शहर के वार्ड नंबर 39 में श्याम मंदिर के पास मुख्य सड़क पर बना क्रॉस पूरी तरह क्षतिग्रस्त होने से आमजन को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पार करते समय राहगीरों को काफी दिक्कतें हो रही हैं, वहीं क्षतिग्रस्त क्रॉस के कारण हादसे की आशंका भी बनी हुई है। स्थानीय वार्डवासियों ने बताया कि मुख्य मार्ग होने के कारण यहां से प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोगों का आवागमन होता है। इसके बावजूद लंबे समय से क्षतिग्रस्त क्रॉस की मरम्मत नहीं होने से लोगों में नाराजगी है।सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश कुमार सैनी एवं समस्त वार्डवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए क्षतिग्रस्त क्रॉस की जल्द से जल्द मरम्मत करवाकर आमजन को राहत प्रदान की जाए।

## नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियानः शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित

सीमा सन्देश संवाददाता

**झुंझुनूं।** रामादेवी महिला पीजी महाविद्यालय हरनाथपुरा नूआं परिसर में मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वावधान में 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान' के तहत दोनों इकाइयों द्वारा जागरूकता एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत नवागंतुक स्वयंसेविकाओं के स्वागत से हुई। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. आशा मिश्रा ने स्वयंसेविकाओं को तिलक लगाकर एवं मुंह मीठा करवाकर नए एनएसएस सत्र के लिए उनका स्वागत किया। इसके बाद सभी स्वयंसेविकाओं ने नशा मुक्ति का संकल्प लेते हुए शपथ ग्रहण की। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. आशा मिश्रा ने एनएसएस की गतिविधियों एवं उसके महत्व की जानकारी दी।

## आर्थिक मदद की अपील | परिवार के सामने सुरक्षित रहने के लिए जगह का संकट

# अडूका में बारिश बनी आफत, भरभराकर ढहा मकान का हिस्सा

- आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वे समय पर मकान की मरम्मत नहीं करवा सके

सीमा सन्देश संवाददाता




**चिड़ावा।** शहर के निकटवर्ती अडूका गांव में एक गरीब परिवार के लिए मुसीबत खड़ी हो गई। पानी की टंकी के पास स्थित एक मकान का हिस्सा अचानक भरभराकर ढह गया।

गनीमत रही कि हादसे के समय परिवार के सदस्य दूसरे कमरे में मौजूद थे, जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया और कोई जनहानि नहीं हुई। पीड़ित परिवार के अनुसार मकान में काफी समय से दरारें आ रही थीं।

आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वे समय पर मकान की मरम्मत नहीं करवा सके। पीड़ित महिला ने बताया कि सुबह करीब 4 बजे से बारिश शुरू हुई और लगातार बारिश के दौरान मकान का एक कमरा अचानक गिर गया। मकान का एक हिस्सा गिरने के बाद परिवार की परेशानी और बढ़ गई है। पीड़ितों ने बताया कि जिस दूसरे कमरे में वे फिलहाल रहने को मजबूर हैं, उसकी दीवारों में भी दरारें आ गई हैं। ऐसे में दूसरा हिस्सा भी कभी भी गिर सकता है। परिवार के सामने सुरक्षित रहने के लिए जगह का संकट खड़ा हो गया है।

घटना के बाद पीड़ित परिवार और ग्रामीणों ने प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों से तत्काल सहायता की मांग की है। उन्होंने प्रशासन से मौके का निरीक्षण करवाकर आर्थिक मदद उपलब्ध कराने की अपील की है, ताकि परिवार मकान की मरम्मत करवा सके और सुरक्षित छत का इंतजाम हो सके। ग्रामीणों ने कहा कि बारिश के दौरान परिवार की सुरक्षा को देखते हुए प्रशासन को मामले में तत्काल संज्ञान लेकर राहत एवं सहायता उपलब्ध करवानी चाहिए।

## पहली बार वोट डालने वाले वोटरों को कांग्रेस पार्टी से जोड़ें

# आह्वानः कार्यकर्ता एकजुट होकर नवलगढ़ में बनाएं कांग्रेस का बोर्ड

सीमा सन्देश संवाददाता





**नवलगढ़।** नगरनिकाय चुनावों की आहट के साथ ही क्षेत्र में चुनावी सरगरमियां तेज हो गई है। चुनावों को लेकर कांग्रेस पार्टी ने तैयारियां करनी शुरू कर दी है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की ओर से सोमवार शाम को कस्बे के महामाया मंदिर के पास स्थित अंगिरा सेवा संस्थान सदन में कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन हुआ।

सम्मेलन में नवलगढ़ शहर सहित ग्रामीण इलाकों से भी सैकड़ों की तादाद में कार्यकताओं, जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, सरपंच, वार्ड पार्षदों ने भाग लेकर एकजुटता का परिचय दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांग्रेस के राजस्थान सहप्रभारी चिरंजीव राव रहे। अध्यक्षता पूर्व चिकित्सा राज्यमंत्री डॉ. राजकुमार शर्मा ने की।

पीसीसी सचिव प्रद्युम्न सिंह राठौड़, नवलगढ़ विधानसभा प्रभारी वासुदेव कुशवाहा, झुंझुनूं सहप्रभारी इलायत खान, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष शकुंतला यादव, जाखल के पूर्व सरपंच आजाद सिंह शेखावत, नगरपालिका के पूर्व उपाध्यक्ष कैलाश चोटिया आदि भी मंचस्थ रहे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सह प्रभारी चिरंजीव राव व डॉ. राजकुमार शर्मा ने नगरनिकाय चुनाव में सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर नगरपालिका में कांग्रेस का बोर्ड बनाने का आह्वान किया। चिरंजीव राव ने कार्यकताओं से कहा कि पहली बार वोट डालने वाले वोटरों को कांग्रेस पार्टी से जोड़ें। महिलाओं की कांग्रेस पार्टी में भागीदारी बढ़ाएं। उनको कांग्रेस पार्टी का देश में योगदान के बारे में बताए। उन्होंने कहा कि झूठ बोलकर सत्ता में आई भाजपा की रीति नीति को देश का युवा व आम जनता समझ चुकी है। इनकी नीतियों से युवाओं से लेकर किसानों तक हर वर्ग के लोग परेशान है। उन्होंने सभी कांग्रेस के कार्यकताओं से मतभेद भुलाकर चुनावों में कांग्रेस का बोर्ड बनाने की बात कही। डॉ. राजकुमार शर्मा ने कहा कि भाजपा की कथनी और करनी में अंतर है। लेकिन जनता इनके झूठे वादों को समझ चुकी है। उन्होंने कहा कि नवलगढ़ में हर वर्ग को साथ लेकर विकास रूपी जो गुलदस्ता सजाया गया था उसको उजाड़ने का काम किया जा रहा है।

एक बार तो नवलगढ़ की जनता इनके झूठे बहकावे में आ गई लेकिन अब इनको दुबारा मौका नहीं मिलने वाला। नवलगढ़ में विकास के नाम पर जितना ढिढ़ोरा पीटा जा रहा है वह धरातल पर कितना हो रहा है सब जानते हैं। इससे पूर्व कार्यकताओं ने चिरंजीव राव व डॉ राजकुमार शर्मा तथा अन्य अतिथियों का भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन सुरेश नेहरा ने किया। कार्यक्रम में कांग्रेस के नवलगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष बलदेव सैनी, मुकुन्दगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश मेघवाल समेत अनेक कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मुकदमें वापिस नहीं लिए तो करेंगे गोठड़ा थाने का घेराव

डॉ. राजकुमार शर्मा ने कहा कि गत दिनों पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद दिलाने के लिए सीमेंट फेक्ट्री के पास धरना प्रदर्शन कर रहे लोगों पर बेवजह मुकदमे लगा दिए गए। इसको कतई सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 10 तारीख तक मुकदमे वापिस नहीं लिए गए तो 11 को गोठड़ा थाने का घेराव कर विरोध जताया जाएगा।

## चैंपियनशिप में जीता गोल्ड मेडल

# बैडमिंटन में शिखर सितारा बनी मोदी वर्ल्ड स्कूल की छात्रा पारूल चौधरी

- पारुल राजस्थान की पहली बालिका खिलाड़ी है जो वर्ल्ड बैडमिंटन चैंपियनशिप में भारत की टीम में खेलेगी

सीमा सन्देश संवाददाता



**झुंझुनूं।** मोदी वर्ल्ड स्कूल, विज्डम सिटी के लिए अत्यंत गौरव और हर्ष का विषय है कि विद्यालय की कक्षा 12 (कला संकाय) की प्रतिभाशाली छात्रा पारुल चौधरी ने योनेक्स सनराइज जूनियर अंडर-19 रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-19 सिंगल गर्ल्स वर्ग में गोल्ड मेडल जीतकर विद्यालय, राजस्थान और देश का नाम रोशन किया है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 25 जुलाई से 1 अगस्त 2026 तक भुवनेश्वर (ओडिशा) में आयोजित हुई। इस प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने के कारण पारुल का चयन इजिप्ट (काहिरा) में आयोजित होने वाली बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में हुआ है। विशेष बात यह है कि पारुल राजस्थान की पहली बालिका खिलाड़ी हैं जिन्हें इस प्रतिष्ठित वर्ल्ड बैडमिंटन चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला है।

डायरेक्टर आकाश मोदी ने कहा कि पारुल की यह उपलब्धि विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है और यह सिद्ध करती है कि दृढ़ संकल्प, निरंतर अभ्यास तथा श्रेष्ठ मार्गदर्शन से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सफलता प्राप्त की जा सकती है। पारुल की इस ऐतिहासिक सफलता के पीछे उनके अथक परिश्रम के साथ-साथ विद्यालय के बैडमिंटन कोच नितेश वर्मा के कुशल मार्गदर्शन और सतत प्रशिक्षण की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। विद्यालय परिवार ने इस उपलब्धि का श्रेय खिलाड़ी की मेहनत, अनुशासन और प्रशिक्षक की समर्पित कोचिंग को दिया। इस शानदार सफलता के लिए चेयरमैन डॉ. दिलीप मोदी, मैनेजिंग डायरेक्टर नीरजा मोदी, स्कूल डायरेक्टर आकाश मोदी, क्रिएटिव डायरेक्टर गरिमा मोदी, छात्रावास निदेशक कुरड़ाराम धींवा, उप-प्राचार्या सरोज सिंह, हैडमिस्ट्रेस उमा शर्मा, प्रशासक कमलेश कुलहरि एवं सभी स्टाफ मैंबर्स ने छात्रा पारूल एवं कोच नितेश वर्मा को बधाईयाँ एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

## बैठक में नई सदस्याओं को जोड़ने पर मंथन किया

# झुंझुनू प्रगति संस्थान की महिला विंग गठन की प्रक्रिया शुरू, नीरजा मोदी को सौंपी जिम्मेदारी

सीमा सन्देश संवाददाता



**झुंझुनूं।** सामाजिक एवं क्षेत्रीय विकास के क्षेत्र में सक्रिय झुंझुनू प्रगति संस्थान ने महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने और उन्हें नेतृत्व की मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से महिला विंग के गठन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके लिए श्रीमती नीरजा मोदी को महिला विंग के गठन की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

संस्थान की मुख्य सभा में लिए गए निर्णय के बाद सोमवार शाम 5 बजे अध्यक्ष डॉ. दिलीप मोदी के कार्यालय 'जीवेम हाउस' में आयोजित बैठक में महिला विंग के स्वरूप और कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में अध्यक्ष डॉ. दिलीप मोदी, संयोजक डॉ. डी.एन. तुलस्यान और श्रीमती नीरजा मोदी मौजूद रहे। बैठक में संगठन विस्तार, सामाजिक गतिविधियों में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी और नई सदस्याओं को जोड़ने पर मंथन किया गया। महिला विंग के गठन की जिम्मेदारी संभालते हुए नीरजा मोदी ने बताया कि डॉ. ममता जालान, डॉ. शशि मारोलिया, डॉ. प्रियंका बुडानिया, डॉ. संगीता उदयपुरिया एवं डॉ. पल्लवी चौधरी वर्तमान में संस्थान की सदस्य हैं। जल्द ही क्षेत्र की सामाजिक रूप से सक्रिय महिलाओं से संपर्क कर कार्यकारिणी को अंतिम रूप दिया जाएगा।

### अभियान में निभाएंगी अहम भूमिका

संस्थान की ओर से श्रावण मास के उपलक्ष्य में दो प्रमुख कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जीतमलजी का जोड़ा परिसर में सघन वृक्षारोपण अभियान चलाया जाएगा, वहीं 23 अगस्त को शाकंभरी धाम में पारिवारिक 'सावन की गोठ' एवं स्नेह मिलन समारोह का आयोजन होगा। इन दोनों कार्यक्रमों में नवगठित महिला विंग की सक्रिय भूमिका रहेगी। संस्थान अध्यक्ष डॉ. दिलीप मोदी ने कहा कि महिला विंग के गठन से संस्थान के सामाजिक, सांस्कृतिक और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े अभियानों को नई ऊर्जा मिलेगी। उन्होंने कहा कि महिलाओं का नेतृत्व समाज सुधार और विकास की सबसे मजबूत आधारशिला है।

### नगरपालिका द्वारा चलाया समझाइश अभियान

बाड़ी। एड दीपक गोयल के नेतृत्व में नगरपालिका की टीम द्वारा दुकानदारों से अतिक्रमण को हटाने की अपील।

## सूरजगढ़ के विकास को मिली रफ्तार

# DMFT से 5.65 करोड़ के विकास कार्यों को मंजूरी

सीमा सन्देश संवाददाता



**चिड़ावा।** सूरजगढ़ विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को लेकर बड़ी सौगात मिली है। विधायक श्रवण कुमार के विशेष प्रयासों से जिला खनिज प्रतिष्ठान ट्रस्ट (DMFT) के तहत 5.65 करोड़ (564.88 लाख रुपये) के विभिन्न विकास कार्यों की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की गई है। स्वीकृत कार्यों में पेयजल, सड़क, सीवरेज और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्य शामिल हैं। तीन दर्जन से अधिक गांवों में मजबूत होगी पेयजल व्यवस्था। स्वीकृत राशि में से करीब ?3.62 करोड़ पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए खर्च किए जाएंगे। इसके तहत लोटिया, भुडनपुरा, कासनी, धिगड़िया, किढवाना, हीरखा, कलगांव, झांझा, झारोड़ा, पचेरी कलां, भैसावता कलां, डांगर, ढाणा, दांढोत, सैदपुर, राजपुरा, पुहानियां, बडसरी का बास, गुंती, नरात, ईश्कपुरा, सांतड़िया सहित कई गांवों एवं ढाणियों में नए नलकूप, नए जल स्त्रोत, विद्युत कनेक्शन और पाइपलाइन बिछाने के कार्य किए जाएंगे।इससे लंबे समय से पेयजल संकट का सामना कर रहे ग्रामीण क्षेत्रों को राहत मिलने की उम्मीद है। आवागमन व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए जाखोट से राठियों की ढाणी तक 2 किलोमीटर सड़क निर्माण के लिए ?50 लाख तथा जाखोट से लोदिया रोड तक 3 किलोमीटर सड़क निर्माण के लिए ?75 लाख स्वीकृत किए गए हैं। वहीं, भैसावता कलां, मुरादपुर और सिंघाना में सीवरेज लाइन बिछाने के लिए ?27.90 लाख की मंजूरी दी गई है। इससे गंदे पानी की निकासी और स्वच्छता व्यवस्था में सुधार होगा। पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए सिंघाना-सूरजगढ़ क्षेत्र में नमो वन की स्थापना के लिए ?50 लाख की राशि भी स्वीकृत की गई है।विधायक श्रवण कुमार ने कहा कि सूरजगढ़ विधानसभा क्षेत्र का विकास और आमजन की मूलभूत समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता है। पानी, सड़क और स्वच्छता जैसी सुविधाओं को लेकर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इन स्वीकृतियों से क्षेत्र के दर्जनों गांवों को सीधा लाभ मिलेगा और विकास कार्यों को गति मिलेगी।

## सूरज सोनी बने भाजपा किसान मोर्चा राजस्थान के प्रदेश सह-कोषाध्यक्ष



सीमा सन्देश संवाददाता

**चिड़ावा।** जनता पार्टी किसान मोर्चा राजस्थान में चिड़ावा निवासी सूरज सोनी को प्रदेश सह-कोषाध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनकी नियुक्ति भाजपा किसान मोर्चा राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष कैलाश चौधरी की अनुशंसा पर की गई। सूरज सोनी की नियुक्ति की सूचना मिलते ही चिड़ावा क्षेत्र के भाजपा कार्यकताओं एवं समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। कार्यकताओं ने इसे संगठन के प्रति सक्रियता, निष्ठा और समर्पण का सम्मान बताते हुए सूरज सोनी को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। नवनियुक्त प्रदेश सह-कोषाध्यक्ष सूरज सोनी ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व एवं संगठन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसका पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगे। साथ ही किसान हितों के लिए निरंतर कार्य करते हुए भाजपा किसान मोर्चा को मजबूत बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## कलश वंदन अभियान का शुभारंभ आज

सीमा सन्देश संवाददाता

**नवलगढ़।** संत रविदास की 650 वीं जयंती के उपलक्ष्य में पांच से 13 अगस्त तक समरस संकल्प अभियान के अंतर्गत कलश वंदन अभियान का शुभारंभ किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक भाजपा जिला महामंत्री योगेन्द्र मिश्रा ने बताया कि प्रदेश नेतृत्व के द्वारा बुधवार को रथ जयपुर से रवाना होगा, जिसका नवलगढ़ सीमा और झुंझुनूं में स्वागत किया जाएगा। इसके बाद यह पूरे लोकसभा क्षेत्र में जाएगा। जिसमें कलश का पूजन किया जाएगा। साथ ही यात्रा में संतों का सानिध्य रहेगा। इसे लेकर जिला एवं मंडल स्तर पर टोली का गठन किया गया है। यात्रा छह अगस्त को पिलानी, सात को सूरजगढ़, आठ अगस्त को खेतड़ी, नौ को उदयपुरवाटी, 10 अगस्त को नवलगढ़, 11 अगस्त को मंडावा, 12 अगस्त को झुंझुनूं, 13 अगस्त को फतेहपुर रहेगी। यात्रा को लेकर सभी विधानसभाओं में तैयारियां पूरी कर ली गई है। यात्रा को लेकर सभी कार्यकताओं में उत्साह है।

AUTHUM

ऑथम इन्वेस्टमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालयः 707, रहेजा सेंटर, फ्री प्रेस जर्नल रोड, नरीमन पॉइंट, मुंबई-400 021. फोनः (022) 6747 2117 फैक्सः (022) 6747 2118 ई-मेलः info@authum.com

परिशिष्ट- IV-A [नियम 8(6) का प्रवधान देखें] ई-नीलामी सह बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना (परिशिष्ट - IV A) (नियम 8(6))

प्रभावित आस्तियों के समाधान के लिए विवेकपूर्ण ढांचे पर 7 जून, 2019 के आरबीआई परिपत्र के अनुसार, भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 3, मार्च 2023 के आदेश के अनुसार और 25 मार्च, 2023 को शेयरधारकों द्वारा पारित विशेष प्रस्ताव के अनुसार, रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड (आरएचएफएल) के ऋणदाताओं द्वारा अनुमोदित समाधान योजना के अनुसार, आरएचएफएल ने अपने व्यवसाय को स्थानांतरित करने के लिए समझौता किया है रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड ('इसके बाद 'आरसीएफएल' के रूप में संदर्भित') को चालू मामले के आधार पर एक सम्मिलित बिक्री और जबकि ऋणधारक के ऋण खाते से संबंधित सभी अधिकार और देनदारियां भी आरसीएफएल को हस्तांतरित कर दी गई हैं।
ऑथम इन्वेस्टमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड ('एआईआईएल') (एनसीएलटी के दिनांक 10.05.2024 के आदेश के तहत रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड ('आरसीएफएल') से ऋण देने वाले व्यवसाय को एआईआईएल में अलग करने के परिणामस्वरूप कंपनी का कॉर्पोरेट कार्यालय है) कॉर्पोरेट कार्यालय यहां रूबी 11वीं मंजिल, उत्तर-पश्चिम विंग, प्लॉट नंबर 29, सेनापति बापट मार्ग, दादर (पश्चिम), मुंबई- 400028 (महाराष्ट्र) और शाखा कार्यालयः - वर्क जोन, सह-कार्य स्थान 512 जेम्स कॉलोनी, पहली मंजिल, सेक्टर -3, विद्याधर नगर, जयपुर -302039 पर स्थित है, प्रतिभूतिकरण और वित्तीय संपत्तियों के पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (इसके बाद 'अधिनियम') के तहत बंधक अचल सम्पत्ति की बिक्री की जाएगी। जबकि ऑथम इन्वेस्टमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के अधिकृत प्राधिकारी ('एओ') ने निम्नलिखित ऋण खातों/संभावित संख्या में अधिनियम की धारा 13(2) के तहत जारी नोटिस के अनुसार निम्नलिखित संपत्ति/संपत्तियों का कब्जा ले लिया था, ऑथम इन्वेस्टमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड की बकाया राशि की वसूली के लिए इसे 'जो है जहां है के आधार और जो है क्या है ' के आधार पर बेचने का अधिकार है, बिक्री वेबसाइट पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी द्वारा की जाएगीः www.bankeauctions.com.

| ऋणधारक(ों)/सह-ऋणधारक(ों)/जमानतदार(ों) | मांग सूचना की तिथि व राशि | भौतिक कब्जे की तिथि | आरक्षित मूल्य / बयाना राशि जमा |
|---|---|---|---|
| (लोन खाता नंबर RHAHJOD000028180 ब्रांचः पाली 1. सज्जन शर्मा 2. श्रीमती पूजा देवी | 13 अक्टूबर 17 और रु. 10,31,130/- (रु. दस लाख इकतीस हजार एक सौ तीस मात्र) बोली में बढ़ोतरीः रु. 20,000/- (रु. बीस हजार मात्र) | 03/04/2019 23 जुलाई 2025 के अनुसार कुल बकाया राशि रु. 38,66,122.10/- (रु. अड़तीस लाख छियासठ हजार एक सौ बाईस रुपये और दस पैसे मात्र) | रु. 900,000/- (रुपए नौ लाख मात्र) बयाना राशि जमा (ईएमडी) रु. 90,000/- (रुपये नब्बे हजार मात्र) |

अचल सम्पत्ति/सुरक्षित आस्ति का विवरणः इक्विटेबली मॉर्गेज (न्यायोचित बंधक) वाली संपत्ति प्लॉट नंबर 76, खसरा नंबर 900-901, चक नंबर 1, दुर्गा कॉलोनी रामदेव रोड, पाली (राजस्थान) - 366401 के समस्त खण्ड व हिस्से।

| निरीक्षण की तिथिः- | ईएमडी की अंतिम तिथिः | ई-नीलामी की तिथि/समयः |
|---|---|---|
| 21 अगस्त 2026 11:00-15:00 के बीच | 25 अगस्त 2026 शाम 05 बजे तक | 27 अगस्त 26 11:00-13:00 |

भुगतान का प्रकारः सभी भुगतान 'ऑथम इन्वेस्टमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड' के पक्ष में जयपुर में देय डिमांड ड्राफ्ट या आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से किया जाएगा। खातों का विवरण इस प्रकार हैः ए.) खाते का नामः ऑथम इन्वेस्टमेंट इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड सीएचडी ए/सी, बी.) बैंक का नामः एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, सी.) खाता संख्याः 99999917071983, डी.) आईएफएससी कोडः एचडीएफसी0001119

ऑनलाइन ई-नीलामी बिक्री के नियम एवं शर्तेः-

1. संपत्ति 'जैसा है जहां है, जो जहां है, वहां जो कुछ भी है ओर बिनाकिसी रिकोर्स के आधार पर बेची जा रही है।' चूँकि बिक्री किसी भी प्रकार की वारंटी और क्षतिपूर्ति के बिना होती है।
2. नीलामी के विवरण, सहायता, प्रक्रिया और ऑनलाइन बोली लगाने के लिए संभावित बोलीदाता सेवा प्रदाता मैसर्स सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड प्लॉट नंबर- 68, तीसरी मंजिल, सेक्टर 44, गुड़गांव, हरियाणा -122003 (संपर्क नंबरः 7291981124, 25, 26) सपोर्ट ईमेलः Support@bankeauctions.com या श्री भाविक पंड्या (मोबाइलः 8866682937, ईमेलः Gujarat@c1india.com) से संपर्क कर सकते हैं।
3. आगे के विवरण और प्रश्नों के लिए अधिकृत अधिकारीः नवीन त्रिवेदी (मोबाइलः 8619988446) से संपर्क करें।
4. यह प्रकाशन प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) के अनुसार उपरोक्त ऋण खाते के उधारकर्ता / बंधककर्ता / गारंटरों को ऊपर उल्लेखित तिथि / स्थान पर नीलामी बिक्री आयोजित करने के बारे में 15 (पंद्रह) दिनों का नोटिस भी है।

विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए कृपया वेबसाइट (https://www.bankeauctions.com) देखें (कोडः 236351 का उपयोग करें और NIT दस्तावेज देखें)।

स्थानः पाली / दिनांकः 05.08.2026 हस्ताक्षर/-, अधिकृत अधिकारी

GRIHUM

गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालयः छठी मंजिल, बी बिल्डिंग, गंगा ट्रुएनो, लोहेगांव, पुणे, महाराष्ट्र 411014। ब्रांच ऑफ यूनिटः पहली मंजिल, जगदंबा टॉवर, एफ-11, आम्रपाली सर्कल, वैशाली नगर, जयपुर 302021

ई-नीलामी- बिक्री सूचना
सरफेसी अधिनियम के तहत सुरक्षित अचल आस्ति की बिक्री

प्रतिभूतिकरण और वित्तीय आस्तियों के पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002(अधिनियम) सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 व 9 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना

एतद्द्वारा जनसामान्य को और विशेष रूप से ऋणधारकों/सह-ऋणधारकों/बंधककर्ता(ओं)/जमानतदार(ओं) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियों को गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड और (इसके बाद अधिनियम के अनुसार 'सुरक्षित लेनदार' के रूप में संदर्भित किया है) के पास बंधक रखा है, जिसका कब्जा सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी ने अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन नोटिस की पालना में अधिनियम की धारा 13(12) सहपठित प्रतिभूति हित(प्रवर्तन) नियम के नियम 8 व 9 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्राप्त कर लिया है। सुरक्षित आस्तियों को ई-नीलामी के माध्यम से को 'जो है जहां है', 'जो है क्या है' और 'वहां जो भी है'के आधार पर बेची जाएंगी। एतद्द्वारा आमजन को सूचित किया जाता है कि हम वेबसाइटः https://www.bankeauctions.com. पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से सार्वजनिक नीलामी करने जा रहे हैं। बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया जीएचएफएल/सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानी www.grihumhousing.com पर दिए गए लिंक को देखें।

| क्र सं. | प्रस्ताव संख्या ग्राहक का नाम (ए) | मांग सूचना दिनांक और बकाया राशि (बी) | कब्जे का प्रकार(सी) | संपत्ति का विवरण (डी) | आरक्षित राशि (ई) | ईएमडी (आरपी का 10 प्रतिशत) (एफ) | ईएमडी जमा करने की तिथि(जी) | बोली वृद्धि (एच) | सम्पत्ति निरीक्षण तिथि व समय (आई) | नीलामी की तिथि और समय (जे) | ज्ञात भार/ कोर्ट केस, यदि कोई हो, (के) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | लोन नंबर HL00623100000005 031231 महेश चंद बैरवा (ऋणधारक) पीतम देवी (सह-ऋणधारक) | नोटिस दिनांकः 09.03.2026 कुल बकायाः रु. 1527718/- (रुपये पंद्रह लाख सताइस हजार सात सौ अठारह मात्र) 09.03.2026 के अनुसार देय व इसपर भुगतान तक 13.35 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से ब्याज सहित | भौतिक | फ़्लैट नंबर 303, पहली मंज़िल, सोनू अपार्टमेंट-12, प्लॉट नंबर ए-71, रॉयल सिटी, कालवाड़ रोड, मचवा, जयपुर-302012 के समस्त खण्ड व हिस्से, और प्लॉट की सीमाएँः कुल एरिया (950.00 वर्ग फीट) पूर्वः 40 फीट चौड़ी सड़क पश्चिमः प्लॉट नंबर ए-85 उत्तरः प्लॉट नंबर ए-72 दक्षिणः प्लॉट नंबर ए-70 | रु.1210000/- (रुपये बारह लाख दस हजार मात्र) | रु. 121000/- (रुपये बारह लाख एक हजार मात्र) | 20.08.2026 सायं 5 बजे से पहले | 10,000/- | 14.08.2026 (प्रातः 11- सायं 4 बजे ) | 21.08.2026 (प्रातः 11- सायं 2) | निल |

इच्छुक बोलीदाताओं/खरीदारों को सलाह दी जाती है कि वे सुरक्षित लेनदार शाखा और नीलामी संपत्तियों का दौरा करें, और अपनी स्वयं की पूछताछ करें और अतिरिक्त शुल्क, भारों और किसी तीसरे पक्ष के हितों का पता लगाएं और बोलियां जमा करने से पहले सभी पहलुओं में खुद को संतुष्ट करें। सभी वैधानिक बकाया जैसे संपत्ति करों, बिजली/पानी का बकाया और संपत्ति से जुड़ा कोई अन्य बकाया, यदि कोई हो, का पता लगाया जाना चाहिए और सफल बोलीदाता द्वारा भुगतान किया जाना चाहिए। इच्छुक बोलीदाताओं को पोर्टल पर स्वयं को पंजीकृत करना होगा और जो नीलामी सेवा प्रदाता) सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड पता- प्लॉट नंबर-68 तृतीय तल गुड़गांव हरियाणा-122003. हेल्पलाइन नंबर- 7291981124,25,26 सपोर्ट ईमेल आईडी Support@bankeauctions.com संपर्क -व्यक्ति धारनी पी, ईमेल आईडी- dharani.p@c1inida.com संपर्क नंबर- 9948182222 से अग्रिम रूप से ही लॉगिन आईडी और पासवर्ड प्राप्त करना होगा, जो ई-बोली के लिए अनिवार्य है। कृपया ध्यान दें कि संभावित बोलीदाता केवल उन्हीं से ई-नीलामी पर ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। इच्छुक क्रेता/बोलीदाता को पंचशील टेक पार्क, गणपति चौक के पास, 43/44 विमान नगर-411014 'गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड' के नीलामी आय खाता बैंक-आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड खाता संख्या-09155100028 और आईएफएससी कोड- ICIC0000915 के खाते में एनईएफटी/आरटीजीएस/डीडी के माध्यम से बयाना राशि जमा (ईएमडी) की राशि जमा करना आवश्यक है, 20.08.2026 को या उससे पहले किसी भी राष्ट्रीयकृत या अनुसूचित बैंक पर आहरित किया और https://www.bankeauctions.com पर अपना नाम पंजीकृत करें और उपयोगकर्ता आईडी और पासवर्ड निःशुल्क प्राप्त करें और सेवा प्रदाता से ई-नीलामी पर प्रशिक्षण प्राप्त करें। वेबसाइट पर अपने पंजीकरण के बाद, इच्छुक क्रेता/बोलीदाता को अपलोड किए गए निम्नलिखित दस्तावेजों की प्रतियां प्राप्त करने के लिए यहां पता -पहली मंजिल, जगदंबा टॉवर, एफ-11, आम्रपाली सर्कल, वैशाली नगर, जयपुर 302021 मोबाइल नंबर +91 8281138143 ई-मेल आईडी p.adith@grihumhousing.com को ई-मेल व स्व-अभिप्रमाणित हार्ड कॉपी भेजने की आवश्यकता है। ई-नीलामी में भाग लेने हेतु नियम व शर्तों के अधिक विवरण के लिए कृपया https://www.bankeauctions.com या www.grihumhousing.com पर जाएं।

यह सूचना ऋणधारक/सह-ऋणधारक/बंधककर्ता(ओं) जमानतदार(ों) को प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम - 2002 के के नियम 8(6) के अधीन 15 दिनों के नोटिस के रूप में भी ली जाये।

किसी भी स्थिति में, अगर स्थानीय भाषा के प्रकाशन और अंग्रेजी अखबार के प्रकाशन की सामग्री में कोई अंतर होता है, तो 'द इंडियन एक्सप्रेस' में प्रकाशित अंग्रेजी अखबार की सामग्री ही मान्य होगी।

दिनांकः 05.08.2026, स्थानः राजस्थान हस्ता/-प्राधिकृत अधिकारी, गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड